भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद
(पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्त परिषद)

# वानिकी समाचार

अप्रैल 2025
वर्ष 17 सं. 04

## महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प. का भा.वा.अ.शि.प. – व.व.अ.सं., जोरहाट का दौरा

- श्रीमती कंचन देवी, भा.व.से., महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प. देहरादून ने 27 से 28 अप्रैल 2025 तक भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट का दौरा किया तथा भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट में "बांस संग्रहालय और व्याख्या केंद्र; वन आनुवंशिक संसाधन और कम्पोस्टिंग इकाई; और उन्नत ऊतक संवर्धन प्रयोगशाला" का उद्घाटन किया।




भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट में बांस संग्रहालय एवं व्याख्या केंद्र, वन आनुवंशिक संसाधन एवं कम्पोस्टिंग इकाई तथा उन्नत ऊतक संवर्धन प्रयोगशाला का उद्घाटन


| अनुक्रमणिका | पृष्ठ सं. |
|---|---|
| महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प. का भा.वा.अ.शि.प.– व.व.अ.सं., जोरहाट का दौरा | 01 |
| मिशन लाईफ | 01 |
| महत्वपूर्ण अनुसंधान निष्कर्ष | 02 |
| विश्व पृथ्वी दिवस | 04 |
| कार्यशालाएं/ सेमिनार/बैठकें | 05 |
| प्रशिक्षण कार्यक्रम | 06 |
| वन विज्ञान केन्द्र के अंतर्गत गतिविधियॉं | 08 |
| समझौता ज्ञापन | 08 |
| प्रकृति कार्यक्रम | 09 |
| जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम | 10 |
| संस्थानों का दौरा | 11 |
| राजभाषा गतिविधियां | 12 |
| विविध | 12 |
| मानव संसाधन समाचार | 13 |


## मिशन लाईफ

### भा.वा.अ.शि.प.-वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

- भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून ने 14 अप्रैल 2025 को भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून में "लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट" पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में 10 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उन्हें मिशन लाइफ की गतिविधियों के बारे में जागरूक किया गया।




भा.वा.अ.शि.प.-व.अ.सं., देहरादून द्वारा "लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट" पर जागरूकता कार्यक्रम

- भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून ने 11 अप्रैल 2025 को भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून परिसर में एक–पेड़–माँ–के–नाम अभियान के अंतर्गत पेड़ों की रखरखाव और उनकी देखभाल कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में 15 छात्रों ने भाग लिया।



भा.वा.अ.शि.प.-व.अ.सं., देहरादून द्वारा एक-पेड़-माँ-के-नाम अभियान के अंतर्गत पेड़ों की रखरखाव और उनकी देखभाल कार्यक्रम

## भा.वा.अ.शि.प.-हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान,शिमला

- भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला ने 14 अप्रैल 2025 को लाडियानी, घुमारवीं, बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश में लाडियानी, बिलासपुर (हि.प्र.) के छात्रों, स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों और स्थानीय लोगों सहित 100 प्रतिभागियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। उन्हें ऊर्जा और जल संरक्षण, एकल–उपयोग प्लास्टिक में कमी, और ठोस एवं ई–कचरा प्रबंधन के बारे में जागरूक किया गया, जिससे सतत जीवन शैली पद्धतियों को बढ़ावा मिला।

## भा.वा.अ.शि.प.-वन जैव विविधता संस्थान, हैदराबाद

- भा.वा.अ.शि.प.–व.जै.सं., हैदराबाद ने 11 अप्रैल 2025 को सुचित्रा और बहादुरपल्ली, हैदराबाद के साप्ताहिक बाजार में "एकल उपयोग प्लास्टिक में कमी और ई–कचरे में कमी" पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।




भा.वा.अ.शि.प.-व.जै.सं., हैदराबाद द्वारा "एकल उपयोग प्लास्टिक में कमी और ई-कचरे में कमी" पर जागरूकता कार्यक्रम

भा.वा.अ.शि.प.–त.पा.कें., विशाखापत्तनम ने 24 अप्रैल 2025 को बंदरगाह क्षेत्र और ऑटो स्टैंड, आरके बीच, विजाग, विशाखापत्तनम में "एकल उपयोग प्लास्टिक में कमी, जल संरक्षण, स्वस्थ जीवन शैली और कम अपशिष्ट" पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।




भा.वा.अ.शि.प.-त.पा.कें., विशाखापत्तनम द्वारा "एकल उपयोग प्लास्टिक में कमी, जल संरक्षण, स्वस्थ जीवन शैली और कम -अपशिष्ट" पर जागरूकता कार्यक्रम

# महत्वपूर्ण अनुसंधान निष्कर्ष

## भा.वा.अ.शि.प.-वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

- ट्राइलिडियम के डीएनए निष्कर्षण को trnE-F और trnH-psbA के साथ अनुकूलित और प्रवर्धित किया गया।

- गोविंद पशु विहार, उत्तरकाशी, उत्तराखंड से एकत्रित ट्राइलियम गोवानियानम राइजोम में 14 फाइटोकेमिकल्स इक्डीसोन, गोवानोसाइड डी, गोवानोसाइड बी, गोवानोसाइड सी, क्लिंटोनियोसाइड बी, हेलोनिन बी, प्रोटोडियोसिन, गोवानोसाइड एफ, प्रेग्नाचकोट्रियोसाइड, पेनोजेनिन टेट्राग्लाइकोसाइड, पेनोजेनिन ट्राइग्लाइकोसाइड, पेनोजेनिन डिग्लाइकोसाइड, बोरासोसाइड ई और बोरासोसाइड डी की मात्रात्मक प्रोफाइलिंग की गई। प्रोटोडियोसिन ने नमूना T3RBKD (32.69 mg/g) में उच्चतम सांद्रता दिखाई, इसके बाद T2BKD (32.43 mg/g) में गोवानोसाइड डी का स्थान रहा। सभी नमूनों में इक्डीसोन और प्रेग्नाचकोट्रियोसाइड लगातार पाए गए। क्लिंटोनियोसाइड बी, हेलोनिन बी और पेनोजेनिन डिग्लाइकोसाइड या तो अनुपस्थित थे या बहुत कम मात्रा में मौजूद थे। निष्कर्षों से अध्ययन की गई आबादी के बीच उल्लेखनीय रसायनरूपी भिन्नता का पता चलता है।

- लिंडेरा पल्चरिमा के विभिन्न भागों से सगंध तेल निकाले गए, जिनमें पुष्पगुच्छ, पत्तियां, काष्ठ और पूरा पौधा शामिल है। पुष्पगुच्छ से 0.768%, पत्तियों से 0.625%, काष्ठ से 0.051% और कुल पौधे सामग्री से 0. 515% उपज प्राप्त हुई।

## भा.वा.अ.शि.प.–वर्षा वन अनुसंधान संस्थान,जोरहाट

- बैम्बूसा बैम्बोस के बीजों को 7% नमी की मात्रा पर परिवेशीय स्थितियों और मध्यम अवधि के भंडारण (4°C और 35% RH) के अंतर्गत संग्रहित किया गया। परिवेशीय परिस्थितियों में संग्रहीत बीजों ने 4 महीने के बाद व्यवहार्यता खो दी।
- विभिन्न हितधारकों को बीज प्रौद्योगिकी ज्ञान के प्रसार के लिए पूर्वोत्तर भारत की 10 आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण प्रजातियों के बीज पत्रक विकसित किए गए। विभिन्न वानिकी प्रजातियों के लिए बीज भंडारण व्यवहार का मूल्यांकन किया गया और 39 एफजीआर प्रजातियों के बीजों को दीर्घकालिक बीज भंडारण के लिए एनबीपीजीआर नई दिल्ली में जमा किया गया।

- *एस. डुल्लूआ* के वानस्पतिक प्रसार को 1000 पीपीएम आईबीए के साथ उपचारित कल्म कटिंग के माध्यम से टैल्क पाउडर के साथ मिलाकर सीधे नोडल क्षेत्र की कलियों पर लगाया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप बेहतर जड़ें और उत्तरजीविता प्रतिशत प्राप्त होता है। इस विधि का उपयोग *एस. डुल्लूआ* की बड़े पैमाने पर खेती के लिए किया जा सकता है।



*स्किज़ोस्टैचियम डुल्लूआ के सूक्ष्मप्रवर्धन प्रवर्ध्य*

- दक्षिण त्रिपुरा (01 मॉडल वृक्षारोपण) और पश्चिम त्रिपुरा (02 मॉडल वृक्षारोपण) में तीन बांस प्रजातियों अर्थात् *थायरसोस्टैचिस ओलिवेरी, बैम्बुसा बाल्कुआ और बैम्बुसा पॉलीमोर्फा* का उपयोग करके तीन स्थल–विशिष्ट बांस–आधारित पवनरोधक मॉडल वृक्षारोपण और उनके प्रबंधन पद्धतियों का विकास किया गया।

# विश्व पृथ्वी दिवस

- भा.वा.अ.शि.प. संस्थानों ने 22 अप्रैल 2025 को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया।



भा.वा.अ.शि.प.-व.अ.सं.



भा.वा.अ.शि.प.-शु.व.अ.सं.



भा.वा.अ.शि.प.-हि.व.अ.सं.




भा.वा.अ.शि.प.-व.आ.वृ.प्र.सं.



भा.वा.अ.शि.प.-व.उ.सं.

# कार्यशालाएं/सेमिनार/बैठकें

## भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्, देहरादून

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | वन परिदृश्य पुनरुद्धार और भूमि क्षरण तटस्थता पर पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण मॉड्यूल का विकास | 02 अप्रैल 2025 | इंदिरा गांधी राष्ट्रिय वन अकादमी, वन शिक्षा निदेशालय, केंद्रीय राज्य वन सेवा अकादमी और भा.वा.अ.शि.प. (मुख्यालय) से 33 प्रतिभागी |
| 02 | राष्ट्रीय पुनर्वनीकरण और पारिस्थिकी विकास बोर्ड के सहयोग से वानिकी अंतःक्षेप के माध्यम से प्रमुख भारतीय नदी प्रणालियों के पुनरुद्धार के लिए डीपीआर के कार्यान्वयन पर आयोजित कार्यशाला | 25 अप्रैल 2025 | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, जल शक्ति मंत्रालय और भा.वा.अ.शि.प. के 50 अधिकारी |




भा.वा.अ.शि.प., देहरादून द्वारा वन परिदृश्य पुनरुद्धार और भूमि क्षरण तटस्थता पर पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण मॉड्यूल का विकास पर कार्यशाला



भा.वा.अ.शि.प., देहरादून द्वारा वानिकी अंतःक्षेप के माध्यम से प्रमुख भारतीय नदी प्रणालियों के पुनरुद्धार के लिए डीपीआर के कार्यान्वयन पर कार्यशाला

## भा.वा.अ.शि.प.-वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट

| | | | |
|---|---|---|---|
| 03 | महत्वपूर्ण विषयक क्षेत्रों में सहयोगात्मक अवसरों की पहचान करना | 23 अप्रैल 2025 | भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट और आईसीआईसीआई फाउंडेशन, गुवाहाटी के वैज्ञानिकों और अधिकारियों सहित 15 प्रतिभागी |
| 04 | पूर्वोत्तर क्षेत्र में अनुसंधान की आवश्यकताएं और संभावित अवसर | 28 अप्रैल 2025 | भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट के वैज्ञानिकों और अधिकारियों सहित 100 प्रतिभागी |






भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा "पूर्वोत्तर क्षेत्र में अनुसंधान की आवश्यकताएं और संभावित अवसर" पर बैठक

| | | | |
|---|---|---|---|
| **भा.वा.अ.शि.प.-वन जैव विविधता संस्थान, हैदराबाद** | | | |
| 05 | (क) iGOT पोर्टल<br>(ख) प्रदर्शन ग्राम की स्थापना | 07 अप्रैल 2025 | भा.वा.अ.शि.प.–व.जै.सं., हैदराबाद के वैज्ञानिकों, अनुसंधाप विद्वानों और क्षेत्रीय अनुसंधाप कर्मचारियों सहित 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया |
| **भा.वा.अ.शि.प.-काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरू** | | | |
| 06 | बांस से निर्माण: सतत नवाचार और तकनीक | 15 से 16 अप्रैल 2025 | वास्तुकला विभाग, रेवा विश्वविद्यालय, बेंगलुरु के 45 छात्र |




भा.वा.अ.शि.प.-व.जै.सं., हैदराबाद द्वारा (क) iGOT पोर्टल (ख) प्रदर्शन ग्राम की स्थापना पर बैठक



भा.वा.अ.शि.प.-का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु द्वारा "बांस से निर्माण: सतत नवाचार और तकनीक" पर कार्यशाला

| | | | |
|---|---|---|---|
| **भा.वा.अ.शि.प.- वन उत्पादकता संस्थान, रांची** | | | |
| 07 | वन जैव विविधता, पारितंत्र और सेवाओं के संबंध में वैज्ञानिक अंतःक्षेप और भविष्य की कार्ययोजना | 25 अप्रैल 2025 | भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची के वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और अधिकारियों सहित 30 प्रतिभागी |
| **भा.वा.अ.शि.प.- हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला** | | | |
| 08 | उच्च ऊंचाई वाले संक्रमण क्षेत्र – वैश्विक तापमान वृद्धि और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव का आकलन करने के लिए दीर्घकालिक अध्ययन | 29 अप्रैल 2025 | भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला के वैज्ञानिक, अनुसंधान विद्वान और क्षेत्रीय अनुसंधान कर्मचारी |

## प्रशिक्षण कार्यक्रम

| | | | |
|---|---|---|---|
| **भा.वा.अ.शि.प.-शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर** | | | |
| 01 | भूमिगत दीमकों के विरुद्ध जैविक नियंत्रण एजेंट के रूप में कीटरोगजनक कवकों का अंतःपादपी व्यवहार | 17 अप्रैल 2025 | खातीपुरा और गोविंदपुरा नर्सरी से 20 रेंज अधिकारी |
| **भा.वा.अ.शि.प.-काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरू** | | | |
| 02 | प्लाईवुड विनिर्माण प्रौद्योगिकी | 01 से 05 अप्रैल 2025 | बेंगलुरू के प्लाइवुड और पैनल उद्योगपतियों, उद्यमियों और अन्य हितधारकों से 30 प्रतिभागी |
| 03 | चंदन की खेती और उसके स्वास्थ्य का प्रबंधन | 21 से 25 अप्रैल 2025 | बेंगलुरु के किसानों और हितधारकों सहित 24 प्रतिभागी |







भा.वा.अ.शि.प.-का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु द्वारा "चंदन की खेती और उसके स्वास्थ्य प्रबंधन" पर प्रशिक्षण

## भा.वा.अ.शि.प.-वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट

| | | | |
|---|---|---|---|
| 04 | कार्बन स्टॉक आकलन के लिए वन इन्वेंटरी पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम | 08 से 09 अप्रैल 2025 | मणिपुर राज्य वन विभाग के वनपालों और वन रक्षकों सहित 15 प्रतिभागी |
| 05 | व.व.अ.सं. परिसर में अगरवुड की खेती और कृत्रिम संरोपण | 22 से 24 अप्रैल 2025 | NERCORMS, मेघालय से 21 प्रतिभागी |



भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा "कार्बन स्टॉक आकलन के लिए वन सूची पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम" पर प्रशिक्षण



भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा "व.व.अ.सं. परिसर में अगरवुड की खेती और कृत्रिम संरोपण" पर प्रशिक्षण

## भा.वा.अ.शि.प.-वन आनुवंशिकी और वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर

| | | | |
|---|---|---|---|
| 06 | कृषि वानिकी मॉडल–स्थापना और प्रबंधन (तीन प्रशिक्षण) | 03, 08 और 09 अप्रैल 2025 | तमिलनाडु वन विभाग से 120 प्रतिभागी |



भा.वा.अ.शि.प.-व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर द्वारा "कृषि वानिकी मॉडल-स्थापना एवं प्रबंधन" पर प्रशिक्षण

## वन विज्ञान केन्द्र के अंतर्गत गतिविधियां

### भा.वा.अ.शि.प.-वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट

- भा.वा.अ.शि.प.–बां.बें.कें., आइजोल ने 24 से 25 अप्रैल 2025 तक भा.वा.अ.शि.प.–बां.बें.कें., आइजोल में ''लाइकेन और मशरूम'' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में सरकारी जिरटिरी आवासीय विज्ञान महाविद्यालय, आइजोल के 26 छात्रों ने भाग लिया।



भा.वा.अ.शि.प.-बां.बें.कें., आइजोल द्वारा "लाइकेन और मशरूम" पर प्रशिक्षण

### भा.वा.अ.शि.प.-हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला

- शशांक मॉडल पब्लिक स्कूल, गोजरा, जगतसुख के 15 छात्रों ने 22 अप्रैल 2025 को वन विज्ञान केंद्र, जगतसुख, मनाली का दौरा किया। यात्रा के दौरान उन्हें औषधीय पौधों के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।




शशांक मॉडल पब्लिक स्कूल, गोजरा, जगतसुख के छात्रों ने वीवीके, जगतसुख, मनाली का दौरा किया

## समझौता ज्ञापन

- भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट ने आपसी हितों की संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं सहित आपसी सहयोग और सहभागिता की प्रगति का समय–समय पर आकलन करने के लिए 16 अप्रैल 2025 को राष्ट्रीय औषधि शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, गुवाहटी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

- भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची ने 30 अप्रैल 2025 को गुआ ओर माइंस, बोकारो स्टील लिमिटेड, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ वानिकी अंतःक्षेप के माध्यम से गुआ ओर खदान के 16 हेक्टेयर अपशिष्ट डंप, बंजर और सुरक्षा क्षेत्र के पारिपुनर्स्थापन के लिए सहयोगात्मक कार्य के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।



भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट और राष्ट्रीय औषधि शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, गुवाहाटी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर




भा.वा.अ.शि.प.-व.उ.सं., रांची और गुआ ओर मांइस, बोकारो स्टील लिमिटेड, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए

## प्रकृति कार्यक्रम

### भा.वा.अ.शि.प.- वन आनुवंशिकी और वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर

- सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोयंबटूर के 50 छात्रों ने 17 अप्रैल 2025 को भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर के गास वन संग्रहालय का दौरा किया। उन्हें संस्थान की विभिन्न शोध गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।

### भा.वा.अ.शि.प.-उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर

- भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर ने 26 अप्रैल 2025 को भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर में ''बीज बॉल निर्माण और दुर्लभ, लुप्तप्राय और संकटग्रस्त (आरईटी) प्रजातियों के संरक्षण'' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय, उ.व.अ.सं., जबलपुर के शिक्षकों सहित 70 छात्रों ने भाग लिया।



भा.वा.अ.शि.प.-उ.व.अ.सं., जबलपुर द्वारा "बीज बॉल तैयारी और दुर्लभ, लुप्तप्राय और संकटग्रस्त (आरईटी) प्रजातियों के संरक्षण" पर प्रशिक्षण

### भा.वा.अ.शि.प.- वन जैव विविधता संस्थान, हैदराबाद

- केंद्रीय विद्यालय, मलकापुरम के शिक्षकों के साथ 250 छात्रों ने दिनांक 07 अप्रैल 2025 को भा.वा.अ.शि.प.–त.पा.कें., विशाखापत्तनम की व्याख्यां इकाई का दौरा किया। उन्हें व्याख्या इकाई में विकसित प्रौद्योगिकियों के बारे में जानकारी दी गई।

### भा.वा.अ.शि.प.- शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर

- प्रधानमंत्री श्री के.वी. नागौर, राजस्थान के शिक्षकों के साथ 198 छात्रों ने 15 अप्रैल 2025 को भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर के शीशम क्लोन के वीएमजी और नीम पत्ती खाद गड्ढों, व्याख्या केंद्र, का दौरा किया।



के.वी. नागौर, राजस्थान के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.-शु.व.अ.सं., जोधपुर का दौरा किया

### भा.वा.अ.शि.प.-काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरू

- एनईटी पब्लिक स्कूल, बसावनगुडी के शिक्षकों के साथ 80 छात्रों ने 08 अप्रैल 2025 को भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु की

पौधशाला, काष्ठ संग्रहालय, प्रौद्योगिकी प्रदर्शन केंद्र और उन्नत काष्ठकर्म प्रशिक्षण केंद्र का दौरा किया। उन्हें संस्थान की विभिन्न शोध गतिविधियों के बारें में अवगत कराया गया।



एनईटी पब्लिक स्कूल, बसावनगुडी के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.-का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु का दौरा किया

- कर्नाटक राज्य विज्ञान परिषद, दावणगेर द्वारा भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु में 22 अप्रैल 2025 को आयोजित विज्ञान यात्रा–2025 में दावणगेर ग्रमीण जिले के सरकारी स्कूल के शिक्षकों के साथ 60 छात्रों ने भाग लिया।



दावणगेर ग्रमीण जिले के सरकारी स्कूल के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.-का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु का दौरा किया

## जागरूकता और प्रदर्शन कार्यक्रम

### भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरू

- भारतीय इंजीनियरिंग विज्ञान और प्रौद्योगिकी नवाचार विश्वविद्यालय, आंध्र प्रदेश, विज्ञान विद्यालय, जैन (सम विश्वविद्यालय), जेसी रोड, बेंगलुरु, महारानी लक्ष्मी अम्मान्नी महिला महाविद्यालय, एनएमकेआरवी महिला महाविद्यालय और बीएमएस महिला महाविद्यालय, बसावनगुडी, बेंगलुरु के संकायों के साथ 184 छात्रों ने 02, 21, 25, 28 और 29 अप्रैल 2025 को भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु के जाइलेरियम, काष्ठ संग्रहालय, काष्ठकर्मशाला, वुड एनाटॉमी लैब, उन्नत काष्ठकर्म प्रशिक्षण केंद्र और टीडीसी का दौरा किया।



बीएमएस महिला महाविद्यालय, बसावनगुडी, बेंगलुरु की छात्राओं ने भा.वा.अ.शि.प.-का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु का दौरा किया

### भा.वा.अ.शि.प.– वन आनुवंशिकी और वृक्ष प्रजजन संस्थान, कोयंबटूर

- ईएएसए कॉलेज ऑफ इजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजीज, कोयंबटूर, मेप्को श्लेनक इंजीनियरिंग कॉलेज, शिवकाशी और बिशप अप्पासामी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कोयंबटूर के संकाय सदस्यों के साथ 122 छात्रों ने 02, 17 और 30 अप्रैल 2025 को भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं, कोयंबटूर के गास वन संग्रहालय, रसायन विज्ञान और जैव–पूर्वेक्षण लैब का दौरा किया। छात्रों को वन के महत्व पर व्याख्यान भी दिये गए है।



ईएएसए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजीज, कोयंबटूर के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.-व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा किया

## भा.वा.अ.शि.प.- वन जैव विविधता संस्थान, हैदराबाद

- कृषि विज्ञान विद्यालय, मल्ला रेड्डी विश्वविद्यालय, हैदराबाद के संकाय सदस्यों के साथ 53 छात्रों ने 09 अप्रैल 2025 को भा.वा.अ.शि.प.–व.जै.सं., हैदराबाद का दौरा किया। उन्हें संस्थान की विभिन्न शोध गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।



कृषि विज्ञान विद्यालय, मल्ला रेड्डी विश्वविद्यालय, हैदराबाद के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.-व.जै.सं., हैदराबाद का दौरा किया

## भा.वा.अ.शि.प.-हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला

- जिज्ञासा विश्वविद्यालय, देहरादून, भारतीय कृषि महाविद्यालय, दुर्ग, छत्तीसगढ़ और वन महाविद्यालय एवं अनुसंधान संस्थान, मेथुपालयम के संकाय सदस्यों के साथ 100 छात्रों ने 03, 24 और 29 अप्रैल 2025 को भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला का दौरा किया।



वन महाविद्यालय एवं अनुसंधान संस्थान, मेथुपालयम के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.-हि.व.अ.सं., शिमला का दौरा किया

## भा.वा.अ.शि.प.- वन उत्पादकता संस्थान, रांची

- मरवारी कॉलेज, रांची विश्वविद्यालय और साईनाथ विश्वविद्यालय, रांची के 123 छात्रों ने 16 एवं 22 अप्रैल 2025 को भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची के ऊतक संवर्धन प्रयोगशाला, पौधशाला तथा बांस वाटिका का दौरा किया।



मरवारी कॉलेज के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.-व.उ.सं., रांची का दौरा किया

## संस्थानों दौरा

- श्री नुजोता स्वुरो, पूर्व विधायक और नागालैंड बांस विकास एजेंसी के वर्तमान अध्यक्ष ने 03 अप्रैल 2025 को भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट के बांस पौधशाला, बांस वाटिका और बांस जर्मप्लाज्म का दौरा किया।

- श्री भारत ज्योति, भा.व.से., अध्यक्ष राज्य जैव विविधता बोर्ड, बिहार ने 25 अप्रैल 2025 को भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची का दौरा किया। उन्होंने संस्थान की अनुसंधान और विकास गतिविधियों की भी समीक्षा की।



श्री भारत ज्योति, भा.व.से., अध्यक्ष राज्य जैव विविधता बोर्ड, बिहार ने भा.वा.अ.शि.प.-व.उ.सं., रांची का दौरा किया

- श्री गिरिराज सिंह, केंद्रीय वस्त्र मंत्री और श्री गणेश जोशी, कृषि और किसान कल्याण मंत्री, उत्तराखंड ने 20 से 21 अप्रैल 2025 तक भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून का दौरा किया।



श्री गिरिराज सिंह, केंद्रीय मंत्री एवं श्री गणेश जोशी, कृषि और किसान कल्याण मंत्री, उत्तराखंड ने भा.वा.अ.शि.प.-व.अ.सं., देहरादून का दौरा किया

## राजभाषा गतिविधियाँ

- भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर ने 24 अप्रैल 2025 को ''ई–ऑफिस में हिंदी टिप्पण–प्रारूपण'' पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.प्र.सं., कोयंबटूर के 20 अधिकारियों ने भाग लिया।



भा.वा.अ.शि.प.-व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर द्वारा "ई-ऑफिस में हिंदी नोटिंग-ड्राफ्टिंग" पर कार्यशाला

## विविध

- भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर, भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर और भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु द्वारा 14 अप्रैल 2025 को डॉ. बी.आर. अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई।









- भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून ने विश्व धरोहर दिवस 2025 मनाया और भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं. परिसर में 18 अप्रैल 2025 को हेरिटेज वॉक का भी आयोजन किया। कार्यक्रम में 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।



भा.वा.अ.शि.प.-व.अ.सं., देहरादून ने भा.वा.अ.शि.प.-व.अ.सं. परिसर में "हेरिटेज वॉक" का आयोजन किया

- भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला, भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर और भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची द्वारा 8 से 23 अप्रैल 2025 तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा।










## मानव संसाधन समाचार

### पदोन्नति

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| डॉ. हेमलता, भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर से भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर, अनुभाग अधिकारी | 01.04.2025 |
| श्री लक्ष्मण सिंह राठौर, भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर से भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर, अनुभाग अधिकारी | 08.04.2025 |
| श्री बर्दी सेन नेगी, भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला, जोधपुर से भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची, अनुभाग अधिकारी | 21.04.2025 |

### सेवानिवृत्ति

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| डॉ. रुनुमी देवी बोरठाकुर, मुख्य तकनीकी अधिकारी, भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट | 30.04.2025 |
| श्री मनोज चौहान, मुख्य तकनीकी अधिकारी, भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर | 30.04.2025 |
| श्री सुभाष चंद्र बोस, अवर सचिव, भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु | 30.04.2025 |

## संप्रत्यावर्तन

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| डॉ. विनय कांत मिश्रा, भा.व.से., उप वन संरक्षक, सहायक महानिदेशक (शिक्षा एवं भर्ती बोर्ड), भा.वा.अ.शि.प.(मुख्यालय) | 01.04.2025 |


**संरक्षक:**

श्रीमती कंचन देवी, महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प, देहरादून

**संपादक मंडल:**

डॉ. सुधीर कुमार, उप महानिदेशक (विस्तार), अध्यक्ष

डॉ. गीता जोशी, सहायक महानिदेशक (मीडिया एवं विस्तार), मानद सम्पादक

डॉ. विश्वजीत शर्मा, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, सदस्य

**हिन्दी संस्करण:**

श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा), सदस्य

**सहायक:**

श्री प्रिंस, तकनीकी सहायक (मीडिया एवं विस्तार)


**प्रत्याख्यान:**

- केवल निजी रूप से प्रसारण करने हेतु।
- वानिकी समाचार में प्रकाशित सामग्री, संपादक मंडल के विचारों को अनिवार्यतः प्रतिबिंबित नहीं करती हैं।
- यहाँ प्रकाशित सूचना के लिए किसी भी प्रकार के नुकसान की भरपाई के लिए भा.वा.अ.शि.प. उत्तरदायी नहीं होगा।